Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand to start the construction work of already approved National Highway from Soyla (NH-65) to Baleshar (NH-114) in Rajasthan.

श्री पी. पी. चौधरी (पाली): धन्यवाद सभापति महोदय । मैं आपका ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र पाली से संबंधित एक घोषणा की ओर आकर्षित करना चाहता हूं । सन् 2018 में उदयपुर में हुई सार्वजनिक सभा में सोयला एनएच-65 से बालेसर एनएच-114 वाया औसियां-तिंवरी सड़क के लिए एक नवीन राष्ट्रीय राजमार्ग की घोषणा की गई थी । मैं पुनः मेरे संसदीय क्षेत्र से जुड़ी इस अहम एवं बहुप्रतीक्षित मांग की ओर ध्यान दिलाते हुए बताना चाहता हूं कि इस सड़क हेतु इन प्रिंसिपल अप्रूवल के साथ आरएफपी बनाई जा चुकी है । इस सड़क की कुल लंबाई 126 किलो मीटर है ।

महोदय, उक्त सड़क से मेरे संसदीय क्षेत्र की औसियां विधानसभा की 13 ग्राम पंचायतें जुड़ी हुई हैं । इसमें सोयला, धनारी कल्ला, ओसियां, नांदिया खुर्द, तिंवरी, चांदरख, धुंधाड़ीया, बोरा, थोब, जेलु गगाड़ी, मंडियाई, गोपासरिया आदि ग्राम पंचायतो के अनेक गांव इसके राष्ट्रीय राजमार्ग बनने पर उनको सीधे रूप से लाभ मिलेगा ।

महोदय, मेरा सदन के माध्यम से माननीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गड़करी जी से निवेदन है कि पूर्व की भांति आप इस मांग पर भी सहृदयतापूर्वक कार्रवाई करते हुए मेरे संसदीय क्षेत्र पाली के लोगों को ये सौगात देने की कृपा करें । बहुत-बहुत धन्यवाद ।